E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

☎: 0512-2246609
☎: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

A++ NAAC

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.ई. / 303 / 2026

दिनांक : 2 / 4 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषयः सत्र 2025–26 सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के समर्थ पोर्टल के माध्यम से कोर्स सेलेक्शन व ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया आपको अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / सी0ओ0ई0 / 294 / 2026 दिनांक 30.03.2026 द्वारा सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक स्तर के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अर्ह छात्र / छात्राओं के कोर्स सेलेक्शन व ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 02.04.2026 तक निर्धारित थी। विभिन्न महाविद्यालयों एवं छात्र / छात्राओं के अनुरोध पर स्नातक स्तर के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अर्ह छात्र / छात्राओं के कोर्स सेलेक्शन व ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की **तिथि अन्तिम रूप से 04.04.2026 तक विस्तारित** की जाती है।

अतः आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित महाविद्यालय दिनांक 04.04.2026 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे उनके परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र निर्गत करते हुए परीक्षायें सुचारू रूप से सम्पन्न करायी जा सके। परीक्षा शुल्क जमा न करने वाले महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र किसी भी दशा में निर्गत नहीं किये जायेगे। छात्र / छात्राओं के परीक्षा से वंचित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या की स्वयं होगी। निर्धारित अन्तिम तिथि 04.04.2026 के पश्चात अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए ही परीक्षा शुल्क जमा कराया जायेगा।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वैय0 सहायक कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0 सेल / प्रभारी, कोडिंग।
5. गार्ड फाइल।

2/04/26

(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)